



## एक नजर में

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 15 अप्रैल को

**बैतूल।** भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 15 अप्रैल को आमला में प्रातः 11 बजे से और मुलताई में दोपहर 12.30 से आयोजित की जाएगी। कैप्टन आईएन सुमीत सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से जनपद पंचायत आमला और मुलताई के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में यथासमय उपस्थित होने की अपील की है।

### जामुन झिरिया की श्रमदान से की सफाई

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी ने जल गंगा अभियान के तहत सोमवार 13 अप्रैल को नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा वार्ड 9 स्थित मठारदेव पहाड़ी से सटी जामुन झिरिया की श्रमदान से सफाई की गई। उक्त झिरिया से रोजाना सैकड़ों लोग पेयजल ले जाते हैं। नगर पालिका द्वारा जल गंगा अभियान के तहत सार्वजनिक जलस्रोतों की सफाई का अभियान सतत जारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका जनप्रतिनिधि, कर्मचारी एवं आम नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। सोमवार 13 अप्रैल को वार्ड 9 स्थित जामुन झिरिया की श्रमदान से सफाई कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी, प्रभारी गुरूस्वामी एरूलू राजकुमार नागले, राहुल कापसे के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। मान्यता अनुसार उक्त झिरिया के पानी में औषधीय गुण है। इसलिए सैकड़ों लोग रोजाना कुप्पियों में उक्त पानी को अपने साथ घर लेकर जाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि पिछले वर्ष उक्त झिरिया तक सुलभ मार्ग बनाए जाने की योजना तैयार की गई थी। चूंकि यह क्षेत्र नपा के अधीन नहीं है। इसलिए इसे लेकर अन्य विभागों से समन्वय बनाया जा रहा है। जल्द ही यहां तक सुलभ पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। कार्यक्रम में काफी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी, आम नागरिक उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के उद्बोधन का प्रसारण

**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सोमवार को नगर पालिका परिषद सारनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि देशभर में नारी शक्ति वंदन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार 13 अप्रैल को देश की राजधानी में नारी शक्ति वंदन को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका नपा सारनी में सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, नेता प्रतिपक्ष पिंटिश नागले, पार्षद गणेश महस्की, बेबी बिंझाड़े, एल्डरमैन विनय मदने, गोलू राजपूत, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहें। डे एनयूएलएम प्रभारी रंजीत डोंगरे ने बताया कि मध्य प्रदेश में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य की गई है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# तकनीकी में दक्ष रहकर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाएं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 13 अप्रैल. नवागत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई।**

**वित्तीय अनियमितता पर रहेगा जीरो टॉलरेंस**

**जल संरक्षण के कार्यों को धरातल पर उपयोगी बनाएं**



बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों को भली-भांति समझें और योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुशासन को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आमजन की समस्याओं का निष्पक्ष एवं संवेदनशील समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी प्रकरण लंबे समय तक लंबित न रहे। व्यवस्थित कार्ययोजना बनाकर उनका समयबद्ध निराकरण किया जाए। विशेष रूप से राजस्व एवं लोक सेवा गारंटी के मामलों को प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़े, यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगा। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले पर प्रभावी नियंत्रण रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता के लिए संबंधित अधिकारी भी जिम्मेदार होंगे। वित्तीय अनियमितताओं पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। साथ ही जनहित के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने हेतु समय-समय पर फीडबैक साझा करने के निर्देश दिए।

**अभियान और जनगणना जैसे विषयों की समीक्षा :** बैठक में नारी शक्ति वंदन अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषयों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं जल संरक्षण कार्यों को धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। जनगणना से संबंधित कार्यों की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए उन्होंने सभी एसडीएम को इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।

### एसडीएम अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करें

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय समन्वय के साथ प्रकरणों का विवेकपूर्ण निराकरण करने, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा क्षेत्रीय निरीक्षण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जनसुनवाई कार्यक्रम का प्रभावी संचालन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे विभागीय पोर्टलों की स्वयं मॉनिटरिंग करें और कार्यों को केवल ऑपरेटर के भरोसे न छोड़ें। उन्होंने महत्वपूर्ण एवं नियमित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग कर प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया।

### प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही न बरती जाए

कलेक्टर ने कहा कि समय-सीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान किया जाए। साथ ही, राजस्व प्रकरणों का भी समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली सभी आवश्यक बैठकों का समय पर आयोजन किया जाए। इसके अलावा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों को गरिमामय ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए गए। उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शेष पंजीयन का सत्यापन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीदी केंद्रों पर छांव, पेयजल एवं बारदाने जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया।

# 2 बाइकों की टक्कर में 1 की मौत, 3 घायल अस्पताल में भर्ती

**बैतूल। बैतूल-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बानूर खापा के पास रविवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक किसान की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य लोग घायल हो गए।**

**बैतूल-नागपुर हाइवे पर हुआ हादसा**

**ढाबे के पास टकराये वाहन, 3 घायल**



मृतक अपने साथी के साथ ससुंद्रा क्षेत्र से लौट रहा था और ढाबे पर खाना खाने के लिए रुका था। पुलिस ने सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराकर मामला दर्ज कर लिया है और सभी घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, झिरी खापा निवासी सुखराम भूरा (36) अपने साथी तुलसीदास मस्कोले के साथ ससुंद्रा क्षेत्र गए थे। लौटते समय वे बानूर खापा के पास एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके थे। इसी दौरान रात में दो बाइकों की जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में सुखराम भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, गणेश सहित दो अन्य लोगों को भी चोटें आईं। हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुखराम भूरा को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। मृतक के भांजे रोशन ने बताया कि सुखराम खेती-किसानी का काम करते थे और परिवार में सबसे बड़े भाई थे।

हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 70 फीट कुएं से धामन सांप का किया रेस्क्यू

**बैतूल।** डोंडवाड़ा गांव में एक खेत के 70 फीट गहरे कुएं से करीब 8 फीट लंबे धामन सांप को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा ने कड़ी मशक्कत के बाद यह रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया, जिसमें लगभग दो घंटे का समय लगा। ग्रामीणों के अनुसार, गांव निवासी गौरव साबले के खेत में स्थित कुएं की सफाई के दौरान सांप घबराकर उसमें गिर गया था। यह धामन सांप पिछले चार से पांच दिनों से कुएं में फंसा हुआ था और बाहर निकलने की असफल कोशिशों के कारण उसकी हालत कमजोर हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर सर्प मित्र विशाल



विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुएं की अधिक गहराई और अंदर की चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद, उन्होंने पूरी सावधानी बरतते हुए नीचे उतरकर सांप को पकड़ने का प्रयास किया। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद विशाल विश्वकर्मा सांप को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे। इसके उपरांत, सांप को उसके प्राकृतिक वातावरण में एक सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। ग्रामीण निहाल सावले ने बताया कि कुएं के आसपास सफाई करते समय सांप दिखाई दिया था, जो घबराकर कुएं में जा गिरा। इस घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। धामन सांप विषहीन होता है और यह खेतों में चूहों को खाकर फसलों की रक्षा करने में सहायक माना जाता है। इस समय पर किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन से न केवल सांप की जान बची, बल्कि ग्रामीणों में फैली दहशत भी कम हुई।

# मंदिर में भीड़ बढ़ रही फिर भी लोगों में अशांति बढ़ रही है : पं .शर्मा

**बैतूल।** राम के बिना आराम नहीं है। जीव मात्र आराम चाहता है। शांति चाहता है लेकिन श्री राम की मर्यादा का पालन नहीं करेंगे तो शांति नहीं मिल सकती है। राम धर्म है धर्म का फल शक्ति है। अधर्म का फल अशांति है। धर्म मर्यादा के बिना ज्ञान, भक्ति, त्याग सफल नहीं हो सकता है। यह बात विनोबा वार्ड में रवीन्द्र साहू के निज निवास पर चल रही संगीतमय कथा के चौथे दिन पंडित सुखदेव शर्मा ने कही। पंडित शर्मा ने कहा कि आजकल कथा, मंदिरों में भीड़ बहुत बढ़ती जा रही है, ज्ञान और भक्ति भी बढ़ गई फिर भी शांति किसी को नहीं मिल रही है। इसका यही कारण है कि लोग धर्म और मर्यादा का पालन नहीं करते हैं। पंडित शर्मा ने कहा कि सूर्य, चन्द्र समूह कभी मर्यादा का उल्लंघन करते नहीं हैं और हमें थोड़ा सा रुपया, पैसा, अधिकार मिल जाता है तो स्वयं को लाट साहब मान लेते हैं। भगवान राम स्वयं परमात्मा होते हुए धर्म मर्यादा का पूर्णतः पालन करते हैं। मर्यादा का पालन नहीं करेंगे तो भगवान हमारी प्रार्थना नहीं सुनेंगे। भगवान का जीवन ऐसा पवित्र है की उनके स्मरण मात्र से, कथा सुनने मात्र से हम पवित्र हो जाते हैं। भगवान का अवतार सिर्फ राक्षसों को मारने के लिए नहीं हुआ है, मनुष्यों को उच्च आदर्श बताने के लिए हुआ है।

# सुशासन और जवाबदेही पर रहेगा फोकस : कलेक्टर

**बैतूल।** नवागत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार मीडिया से रूबरू होते हुए प्रशासन की प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिले में गुड गवर्नेंस को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने बताया कि अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए तथा हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट





किया कि वित्तीय अनियमितताओं और गड़बड़ी पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को धरातल पर उपयोगी और टिकाऊ बनाने के निर्देश सभी सीएमओ एवं सीईओ को दिए गए हैं। तकनीकी विशेषज्ञों के परामर्श से जल संरचनाओं और निर्माण कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा क्षेत्रों में मैदानी संस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न विभागों के कार्यों का नियमित फील्ड निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 3 वाहनों को किया जप्त

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, उत्खनन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत खनिज विभाग ने विगत 3 दिनों में खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को तहसील आमला क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोरणवाड़ा के समीप से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन ट्रेक्टर एमपी 48 ए 3677 एवं घिसी बोरी मार्ग के समीप से 01 वाहन ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 9017 को जप्त कर पुलिस थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं 12 अप्रैल को बैतूल तहसील क्षेत्रांतर्गत देवगांव-फोरलेन के समीप से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 28 एच 4011 को जप्त कर पुलिस थाना बैतूल बाजार की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उपरोक्त सभी अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# जिला स्तरीय रोजगार मेला 16 अप्रैल को

**बैतूल।** रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 16 अप्रैल को प्रात: 11 से 4 बजे तक महात्मा गांधी महाविद्यालय परिसर आठनेर में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्याम कुमार धुर्वे ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनियों के द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में वोल्वो आयशर बंगरसिया भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 12वीं आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। टाटा मोटर्स, एमआरएफ, फॉक्सकोन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, आईफोन अहमदाबाद में प्रशिक्षु, ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री, व रिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पीथमपुर में मशीन ऑपरेटर, ट्रेनी के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा होना आवश्यक है।

इसके अलावा ट्राईटेंट प्रा. लि. बुदनी और वर्धमान फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए, कुलोदय टेक्नोपार्क प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, हेल्पर के 100 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा तथा कृषि धान बायो केयर प्राइवेट लिमिटेड इंदौर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड ऑफिसर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक एमबीए होना आवश्यक है।

# ठेका मजदूरों ने वेतन, पीएफ को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा क्षेत्र की कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों ने लंबे समय से चले आ रहे शोषण, अधूरे वेतन भुगतान और वैधानिक सुविधाओं से वंचित किए जाने के विरोध में अब मुखर होकर अपनी आवाज बुलंद की है। अपनी समस्याओं को लेकर मजदूरों ने क्षेत्र के सम्माननीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की और ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित समाधान की मांग की। मजदूरों का आरोप है कि हाई पावर कमेटी (एचपीसी) द्वारा निर्धारित लगभग 1365 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी के बावजूद उन्हें पूर्ण भुगतान नहीं मिल



रहा है। साथ ही कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ), कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और पीएफ जैसी अनिवार्य सुविधाओं से भी उन्हें वंचित रखा जा रहा है, जो श्रम कानूनों का खुला उल्लंघन है। मामला केवल वेतन तक सीमित नहीं है। खदानों में सुरक्षा उपकरणों की भारी कमी है, जिससे मजदूरों की जान हर दिन जोखिम में रहती है। वहीं पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न होने से मजदूरों और उनके परिवारों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।मजदूर नेता मनोज पवार ने बताया कि 4 फरवरी 2026 से लगातार शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं और 18 दिनों तक शांतिपूर्ण आंदोलन भी किया गया। इसके बाद हुए समझौते में 3 दिनों के भीतर बकाया वेतन भुगतान और 16 मार्च तक सभी मजदूरों को पुन: कार्य पर रखने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक वादे पूरे नहीं हुए। करीब 80 मजदूर आज भी बेरोजगार हैं।मजदूरों ने विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे से हस्तक्षेप कर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह लड़ाई अब केवल वेतन नहीं, बल्कि अधिकार, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा की लड़ाई बन चुकी है।

**कार्यक्रम** | **नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पत्रकारवार्ता संपन्न**

# महिला सशक्तिकरण का लिखेगा स्वर्णिम अध्याय : संपतिया उइके

**बैतूल।** जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा करते हुए ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की केबीनेट मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश का भाग्य बदलने वाला कानून बनेगा। यह अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णीम अध्याय लिखेगा। आजादी के बाद से देश की संसद और राज्यो की विधानसभा में महिला आरक्षण को लेकर समय समय पर स्वर सुनाई दिए लेकिन तत्कालीन सरकारें कितनी महिला विरोधी है इसका प्रमाण के तौर पर दिखाई देती है। मोदी जी ने 33





प्रतिशत आरक्षण का कानून बनाकर देश की आधी आबादी के प्रति सरकार और संगठन ने सम्मान जताते हुए दृढ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित किया है। श्रीमती उइके ने कहा कि हम सभी एतिहासिक निर्णय के साक्षी बनने जा रहे है। जिसमें देश का भाग्य बदलने की क्षमता हैं महिलाओं के सपने अब साकार हो रहे है। यह महज एक कानून नही बल्कि सदियों से प्रतिक्षित सामाजिक न्याय का संकल्प है। 2047 तक विकसित भारत आत्म निर्भर भारत के लिए महिलाओं को आरक्षण देने वाला यह कानून लागू होने के बाद महिलाएं और अधिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का संबल देगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने नगरीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत पहले से ही आरक्षण दिया है। अब संसद और राज्यो में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए यह कानून कारगर होगा। श्रीमती उइके ने पत्रकारवार्ता में जवाब देते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर कभी कोई कदम नही उठाया हमेशा आधी आबादी के अधिकारो को सत्ता के लिए इस्तेमाल ही किया गया। मोदी जी के नेतृत्व में जन धन योजना हो, मूद्रा लोन हो, उज्जवला योजना हो हर योजना में नारी शक्ति का वंदन दिखता है। संसदीय बहसों की गुणवंत्ता के लिए महिलाओं की भागीदारी कानून और नीति निर्माण में नारी शक्ति का सकारात्मक योगदान अमृतकाल में विकासित भारत के निर्माण में बडा कदम है। नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उदघोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम होगा। श्रीमती उइके ने पत्रकारो के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में सर्वाच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को भी वोट की राजनीति के लिए बदलने का काम किया है। आज जब आधी आबादी को अपना अधिकार मिल रहा है ऐसे समय में जिन्होने महिलाओं के लिए कुछ नही किया वे अर्नगल आरोप भी लगा रहे है।

# स्वरांजली में देर रात तक गूंजे फिल्मी तराने

**भैंसदेही। गत** दिवस नगर के बाजार चौक में संगीत प्रेमियों की नवगठित आयोजन समिति ने स्वरांजली संगीत निशा का आयोजन किया , जिसमें बड़ी संख्या में नगर के संगीत से प्रेम रखने वाले श्रोताओं और गायक गायिकाओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जिला मुख्यालय की शब्द और प्रतिध्वनि संस्था की ही तरह स्वरांजली संगीत समिति का गठन कर नगर के संगीत प्रेमियों ने यह पहला प्रयास किया है, इस कार्यक्रम का संयोजन शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र दवंडे एंव नवीन झरबड़े और साथीयों ने मिलकर किया जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पुजन और स्वर्गीय आशा भोसले को श्रद्धासुमन अर्पित





कर किया गया । तत्पश्चात यहां पहुंचे गायक गायिकाओं ने देर रात तक फिल्मी सदाबहार नगमे प्रस्तुत किये कार्यक्रम में बीना से यहां पहुंची श्रीमति संगीता श्रीवास्तव ने प्यार तेरी पहली नजर को सलाम प्रस्तुत कर स्वरांजली का आगाज किया,वहीं बैतूल की ख्यातिप्राप्त गायिका भारती गुजरे जिसकी संगीत के क्षेत्र में शुरुआत ही भैंसदेही से हुई है ने किस्मत फिल्म के चर्चित गीत आओ हुजूर तुमको सितारों में ले चलू गाकर स्वरांजली में शमा बांधा ,इसी कड़ी में जितेन्द्र दवंडे ने रफी साहब के गाये हुए फिल्मी तराने ना जा कहीं अब ना जा प्रस्तुत किया ,वहीं नगर के अनिल मालवीय, अनिल ठाकुर, दलजीत मनवर, नंदन धोटेकर,शैजु खान, कैलाश सोनी ,सुनिल गुरव शांतनु सोनी कुमारी सोनार ने देर रात तक एक से बढ़कर एक फिल्मी एकल और युगल तराने प्रस्तुत किये।